विरुद्ध भविष्य निधि आयुक्त द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) : (क) और (ग). भविष्य निधि प्राधिकारियों ने सूचित किया है कि उक्त प्रतिष्ठान की ओर इस समय जून, 1976 से लेकर 15 अप्रैल, 1977 तक (जब यह दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार दिवालिया घोषित किया गया था) के भविष्य निधि अंशदानों की राशि बकाया है। जून, 1976 से अक्तूबर, 1976 तक की अवधि की देय राशियों को भूमि राजस्व की बकाया राशियों के रूप में वसूली के लिए कारंवाई आरम्भ की गई थी, परन्तु प्रतिष्ठान द्वारा दायर किए गए आवेदन-पत्र पर उसे उच्च न्यायालय द्वारा स्थगित कर दिया गया। इसके कारण इस प्रतिष्ठान के खिलाफ कोई अभियोजन नहीं चलाया जा सका। अब चूंकि कम्पनी दिवालिया हो गई है, इसलिए सांविधिक देय राशियों के लिए दावे सरकारी परिसमापक के पास दायर किए जाते हैं।

(ख) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 के अधीन सांविधिक उपबन्धों के अनुपालन करना नियोजक का दायित्व है।

New Steel Plants during Fifth Plan

596. SHRI GANANATH PRADHAN:
SHRI K. A. RAJAN:

Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether there are any proposals to set up new Steel Plants during the Fifth Five Year Plan; and

(b) if so, the States in which these will be set up?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI BIJU PATNAIK): (a) and (b). The three new steel plants are in the following stages of progress:

(1) Salam Steel Plant, Tamilnadu 1st stage - under implementation.

(2) Vijayanagar Steel Project, Karnataka: Detailed Project Report under consideration by SAIL.

(3) Visakhapatnam Steel Project, Andhra Pradesh—Detailed Project Report under preparation by the consultants.

पोस्टल मुहरों के निर्माण के लिए सप्लाई आदेश में कमी

507. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डाकघरों मे प्रयोग होने वाली मुहरों की संख्या तथा किस्मों में हाल में कमी कर दी गई है जिसके फलस्वरूप पोस्टल सील्स सहकारी समिति, अलीगढ़ को उनके निर्माण हेतु सप्लाई आर्डर में भी कमी हुई है ;

(ख) यदि हां, किस किस्म की मुहरों को अब समाप्त कर दिया गया है और उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सहकारी समिति ने कटौती को बहाल करने के लिए एक प्रतिनिधि मंडल भेजा है और उस पर सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

संचार मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डिस) : (क) जी हां।

(ख) शाखा डाकघरों में तारीख की सीलों की जगह नाम की सीलें चालू की गई हैं। उप-डाकघरों और मुख्य डाकघरों में इस्तेमाल की जाने वाली सीलों की संख्या सीमित करके आपरेटरों की संख्या के बराबर कर दी गई है और एक बीमा सील भी इस्तेमाल की जाती है। ये सीलें उन पिछली सीलों की जगह इस्तेमाल की जाएगी जो विभागवार तैयार की गई थीं। डाक कर्मचारियों द्वारा भारी संख्या में सीलों का इस्तेमाल करने में व्यर्थ का काम कम करने और कार्य-कुशलता के अनुरूप खर्च में मितव्ययता लाने के लिए नये आदेश जारी किए गए हैं।